# आर.ए.एस./आर.टी.एस. (मुख्य) परीक्षा-2018
# (सामान्य अध्ययन एवं सामान्य ज्ञान)

## तृतीय प्रश्नपत्र

## मॉडल पेपर-1

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 200**

**कुल प्रश्न : 48**

## (यूनिट-I) (75 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. किस संविधान संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों का प्रावधान किया गया? किन्हीं दो मौलिक कर्त्तव्यों को लिखिये।
2. 'विधि के समक्ष समता' से आप क्या समझते हैं? इस विचार को किस. देश से लिया गया है?
3. बांगडुंग कॉन्फ्रेंस के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिये।
4. भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे? इस समिति के सदस्यों के नाम भी लिखिये।
5. पश्चिम एशिया भारत के लिये क्यों महत्त्वपूर्ण है?

**भाग-ब** **अंक : 25**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. राज्यपाल की स्वविवेकीय शक्तियों का वर्णन कीजिये।
7. ब्रिक्स समूह की भारत के संदर्भ में प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिये।
8. नागरिकों के मूल अधिकारों के हनन के मामलों में इनके प्रवर्तन हेतु न्यायालय कितने प्रकार की 'रिट' जारी करता है? उनमें से किसी एक 'रिट' का उल्लेख कीजिये।
9. जनहित याचिका का क्या अर्थ है? जनहित याचिका की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।
10. राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख कीजिये।

**भाग-स** **अंक : 40**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।**

11. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गए विभिन्न निर्णयों की सहायता से संविधान के मूलभूत ढाँचे को समझाइये।
12. दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला के समक्ष विद्यमान राजनीतिक संकट का भारत पर पड़ने वाले प्रभावों की विवेचना कीजिये।
13. भारतीय विदेश नीति के आधारभूत सिद्धांतों का वर्णन कीजिये।
14. मतदान व्यवहार को परिभाषित कीजिये। मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों का उल्लेख कीजिये।

## (यूनिट-II) (65 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. पदसोपान को परिभाषित कीजिये।
2. भ्रष्टाचार क्या है?
3. शक्ति की अवधारणा को स्पष्ट कीजिये।
4. सामाजिक उत्तरदायित्व की कोई चार विशेषताएँ बताइये।
5. राजस्थान के सात संभागों के नाम बताइये।

**भाग-ब** **अंक : 25**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. लोकलेखा समिति के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिये।
7. भारत में कॉर्पोरेट शासन हेतु किये गए प्रयासों को संक्षेप में समझाइये।
8. संगठन क्या है? संगठन की विशेषताएँ बताइये।
9. साधारण विधेयकों के संबंध में राज्यपाल की विधायी शक्ति का उल्लेख कीजिये।
10. शासन सचिवालय राज्य के नीति-निर्माण में किस प्रकार भूमिका निभाता है?

**भाग-स** **अंक : 30**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।**

11. विकासशील समाज में लोक प्रशासन की भूमिका को स्पष्ट कीजिये।
12. प्रत्यायोजन क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताते हुए इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालिये।
13. राज्य लोक सेवा आयोग की संरचना तथा कार्यों का वर्णन कीजिये।

## (यूनिट-III) (सेक्शन-A) (20 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. फीफा वर्ल्ड कप, 2018 कहाँ आयोजित किया गया? इसके उपविजेता देश का नाम बताइये।
2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पहल किसने की तथा यह कब मनाया जाता है?
3. राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, 2018 किन खिलाड़ियों को प्रदान किया गया है?
4. फीफा अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप 2020 के मेजबान देश का नाम लिखिये।
5. एशियाई पैरा गेम्स-2018 का आयोजन कब एवं कहाँ किया गया था तथा इसमें भारत ने कुल कितने पदक जीते?

**भाग-ब** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. राजस्थान के प्रमुख खेल पुरस्कारों का वर्णन कीजिये।
7. योग क्या है? यह किस प्रकार लाभकारी हो सकता है?

## (यूनिट-III) (सेक्शन-B) (20 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. वुडवर्थ के अनुसार बुद्धि का क्या अर्थ है?
2. अधिगम को परिभाषित कीजिये।
3. धनात्मक और ऋणात्मक अभिप्रेरणा से क्या तात्पर्य है?
4. मैकग्रेगर का X और Y सिद्धांत क्या है?
5. अभिप्रेरणा की कोई दो विशेषताएँ बताइये।

**भाग-ब** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. तनाव के कारकों को सकारात्मक चिंतन किस प्रकार प्रभावित कर सकता है?
7. विस्मरण क्या है? इसके क्या कारण हैं?

## (यूनिट-III) (सेक्शन-C) (20 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. पॉस्को अधिनियम क्या है?
2. राजस्व न्यायालय से क्या आशय है?
3. पेटेंट क्या है?
4. दायित्व से क्या अभिप्राय है?
5. भारतीय संविधान में वर्णित बाल अधिकारों के कल्याण से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों को लिखिये।

**भाग-ब** **अंक : 10**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. सूचना के अधिकार के दुरुपयोग पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिये।
7. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत साइबर न्यायाधिकरण की रचना, कार्य एवं कार्यप्रणाली को स्पष्ट कीजिये।